- Suryamani wanted people to sing their songs on festivals, not forget them and wear their costumes.
- Children should also learn the understanding of herbs and the art of making bamboo items. Connect with your school language as well as the kuduk language. All of this takes place in the Torang Center. In 'Torang' special books of the kuduk society and other

किताबों को सँभालकर रखा गया है। गाने-बजाने की कई चीजें, जैसे- बाँसुरी, तरह-तरह के ढोल भी हैं।

- सूर्यमणि 21 साल की थी जब उसने वासवी दीदी और कई लोगों की मदद से एक केंद्र खोला।
- उसने इस जगह का नाम रखा 'तोरांग'। कुडुक भाषा में 'तोरांग' का मतलब है- जंगल।
- कुडुक भारत, नेपाल, भूटान तथा बांग्लादेश में बोली जाती है। भारत में यह बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के उराँव जनजातियों द्वारा बोली जाती है। इसको 'उराँव भाषा' भी कहते हैं।

डाँडी यात्रा

- सन 1930 में अंग्रेजों ने भारत के आम लोगो को नमक बनाने पर पाबंदी लगा दी थी जिस कारण गांधी जी ने दांडी यात्रा शुरू की
- गांधीजी का कहना था, "जो चीज हमें कुदरत ने दी है, उसे बनाने पर बंदिश कैसी।"
- उन्होंने लोगों के साथ मिलकर अहमदाबाद से डाँडी के समुद्र तट तक एक लंबी यात्रा की और इस गलत कानून को तोड़ा।

- tribals have been maintained. There are many things to sing and play, like flutes, different types of drums.
- Suryamani was 21 when she opened a center with the help of Vasavi Didi and many others.
- He named the place 'Torang'. 'Torang' in the kuduk language means - forest.
- kuduk language spoken in India, Nepal, Bhutan and Bangladesh. In India it is spoken by the Oraon tribes of Bihar, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Jharkhand and West Bengal. It is also called 'Uraon language'.

Dandi Yatra

- In 1930, the British banned the common people of India from making salt, due to which Gandhiji started the Dandi Yatra.
- Gandhiji said, "What is the restriction on making what nature has given us."
- He took a long journey with people from Ahmedabad to Dandi beach and broke this black act.

7070721391 SACHIN ACADEMY

असम

- असम में घर जमीन से 10 या 12 फीट ऊपर होते हैं ऊंचाई में बनाने की वजह भारी बारिश होती है
- ये बांस से बनाए जाते हैं और अंदर भी लकड़ियों का प्रयोग होता है।
- असम में बांस तथा रस्सी के पुल बनाए जाते हैं
- यहां बारिश बहुत अधिक होती है कभी-कभी घुटनों तक पानी भर जाता है
- यहां बांस को गरीबों का टिंबर कहते हैं।

Assam

- Homes in Assam are 10 or 12 feet above the ground because of heavy rainfall there.
- They are made from bamboo and wood is also used inside.
- Bamboo and rope bridges are built in Assam.
- It rains a lot, sometimes it gets watery to the knees.
- Here bamboo is called the timber of the poor.

7070721399 SACHIN ACADEMY

बिहू

- 'माघ बीहू', 14 और 15 जनवरी (असमिया कैलेण्डर के दसवें महीने 'माघ' की प्रथमा एवं द्वितीया तिथि) को मनाया जाता है। पहले दिन को 'उरुका' कहते हैं।

Bihu

- 'Magha Bihu' is celebrated on 14 and 15 January (the first and second date of 'Magh', the tenth month of the Assamese calendar). The first day is called 'Uruka'.

- इस दिन अस्थायी शेड (छप्पर) बनाते हैं, जिसे भेला-घर कहते हैं और सामूहिक भोज का आयोजन होता है। 'बोरा' असम में खाए जाने वाले चावलों की एक किस्म है, जो पकने के बाद चिपचिपे हो जाते है।
- बिहू त्यौहार चावल की नई फसल कटने पर असम में मनाया जाता है
- भेला घर घांस और बांस से बनाया जाता है
- ताओ (कढ़ाई) को आग पर रखकर उसमें पानी उबालेंगे और भीगे हुए चावलों से भरी हुई कढ़ाई उस पर रख देंगे तथा उसे केले के पत्तों से ढक देंगे थोड़ी देर बाद चेवा चावल तैयार हो जाएगा
- औरतें पीले रंग के कपड़े पहनती है लड़कियां रंग बिरंगी मेखला चादर पहनती है
- भात- शुक्तो चावल और रसे वाली सब्जी को कहते है

- On this day, temporary sheds (chapar) are built, which are called Bhel-ghar and mass feast is organized. 'Bora' is a variety of rice eaten in Assam, which becomes sticky after cooking.
- Bihu festival is celebrated in Assam when new crop of rice is harvested.
- Sheep house is made of grass and bamboo.
- Put the Tao (Cauldron) on the fire and boil water in it and place the Cauldron filled with soaked rice on it and cover it with banana leaves. After a while, Cheva rice will be ready.
- Women wear yellow clothes, girls wear colorful velvet sheets
- Bhat - Shukto is called rice and stock vegetable

7070721391 SACHIN ACADEMY

केरल

- केरल में टैपिओका जमीन के नीचे उगाया जाता है यह एक प्रकार का फल है जिसे केरल के लोग उबालकर खाते हैं टैपिओका को कप्पा भी कहा जाता है।
- "वल्लम" लकड़ी की बनी छोटी नाव होती है जो केरल में पायी जाती है
- केरल में मलयालम भाषा बोली जाती है
- मलयालम में मां की बड़ी बहन को बलियम्मा और नानी को अम्मूमा कहते हैं चाचा को चिटटपन और चाची को कुंजम्मा कहते हैं और पिता को अप्पा कहते है
- केरल में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए फेरी नाव का प्रयोग किया जाता है
- केरल को मसालों का बगीचा भी कहते यहाँ तेजपत्ता, काली मिर्च, इलायची आदि को उगाया जाता है।
- यहां केले के फूलों से सब्जी बनाई जाती है
- केरल में नारियल के पेड़ अधिक होते है

Kerala

- Tapioca is grown under the ground in Kerala, it is a type of fruit that the people of Kerala boil and eat. Tapioca is also known as Kappa.
- "Vallam" is a small wooden boat found in Kerala.
- Malayalam language is spoken in Kerala
- In Malayalam, the mother's elder sister is called Baliyamma and the grandmother is Ammuma, the uncle is called Chittapan and the aunt is Kunjamma and the father is called Appa.
- Ferry boat is used to travel from one place to another in Kerala.
- Kerala is also called the Garden of Spices, where bay leaves, black pepper, cardamom etc. are grown.Here vegetable is made from banana flowers
- There are more coconut trees in Kerala

7070721 SACHIN ACADEMY

- केरल के निकटवर्ती राज्य तमिलनाडु और कर्नाटक है इसकी राजधानी तिरुअनंतपुरम है
- गुजरात से केरल तक की यात्रा के बीच में महाराष्ट्र और कर्णाटक राज्य पड़ते है
- कोजीकोड केरल में है
- मल्लापुरम जिला केरल में है
- गोवा से केरल तक रेल के रास्ते में 92 सुरंग और 2000 पुल पडते हैं
- तमिलनाडु भारत के दक्षिण में स्थित है इसके पडोसी राज्य केरल, कर्नाटक तथा आंध्रप्रदेश है

- The nearest state of Kerala is Tamil Nadu and Karnataka, its capital is Thiruvananthapuram.
- The state of Maharashtra and Karnataka is in between the journey from Gujarat to Kerala.
- Kozhikode is in Kerala
- Mallapuram district is in Kerala
- There are 92 tunnels and 2000 bridges en route from Goa to Kerala.
- Tamil Nadu is situated in the south of India, its neighboring states are Kerala, Karnataka and Andhra Pradesh.

आबूधाबी

- यह देश रेगिस्तानी इलाके में है यहां की स्थानीय भाषा अरबी है
- यहां पानी बहुत कीमती है क्योंकि यहां ना तो वर्षा होती है और ना ही नदिया, झील तथा तालाब है
- यहाँ रेतीली जमीन के नीचे तेल होता है यहां खजूर के पेड़ अधिक मात्रा में दिखाई देते हैं क्योंकि ये पेड़ रेगिस्तानी इलाके में पाए जाते है

Abu Dhabi

- This country is in the desert area, the local language here is Arabic.
- Water is very precious here because there is neither rain nor rivers, lakes and ponds.
- There is oil under sandy ground
- Here Date trees are seen in large quantities as these trees are found in the desert area.

7070721391 SACHIN ACADEMY

- आबूधाबी की करेंसी दिरहम है
- आबुधाबी में रेत के पहाड़ या टीले पाए जाते है
- अबू धाबी का टाइम जोन GMT (Greenwich Mean Time Zone) से 4 घंटे आगे है। और IST (Indian Standard Time) GMT से 5:30 घंटे आगे हैं।
- इसलिए, अबू धाबी से भारतीय समय 1 घंटा 30 मिनट आगे है। अगर अबू धाबी में रात के 9 बजे होंगे तो भारत में रात के 10 .30 बजे होंगे।

Abu Dhabi's currency is dirham

- Sand mountains or sand dunes are found in Abu Dhabi.
- The time zone of Abu Dhabi is 4 hours ahead of GMT (Greenwich Mean Time Zone). And IST (Indian Standard Time) is 5:30 hours ahead of GMT.
- Therefore, Indian time is 1 hour 30 minutes ahead of Abu Dhabi. If it is 9 pm in Abu Dhabi then it will be 10.30 pm in India.

लद्दाख

- लद्दाख पहुंचने के लिए जम्मू कश्मीर पार करना पड़ता है लद्दाख को ठंडा रेगिस्तान (कोल्ड डेजर्ट) भी कहते हैं यहां 1 या 2 फ्लोर की बिल्डिंग होती है घर पत्थर के होते है जिनकी छत और फर्श लकड़ी की होती है दीवार मिट्टी की और उस पर चुने की मोटी परत चढ़ी होती है

Ladakh

- One has to cross Jammu and Kashmir to reach Ladakh. Ladakh is also called cold desert.
- Here there are 1 or 2 floor buildings, houses are of stone whose roof and floor are of wood, the wall is of mud and there is a thick layer of sand on it.

7070721391 SACHIN ACADEMY

- यहां कम बारिश होती है
- यहां पेड़ पौधे नहीं पाए जाते
- लकड़ियों की सीढ़ी का प्रयोग होता है
- मोटे पेड़ का तना छत को मजबूत बनाने में मदद करता है
- ग्राउंड फ्लोर में जानवरों को रखा जाता है। जब ज्यादा सर्दी पड़ती है तो खुद भी ग्राउंड फ्लोर में रहने आ जाते हैं ग्राउंड फ्लोर में विंडो नहीं होती है
- गर्मी के मौसम मैं यह लोग फल सुखा लेते हैं और सर्दियों मे इनका इस्तेमाल करते है
- लद्दाख क्षेत्र भारत का सबसे ठंडा रेगिस्तान है
- भारत में ठन्डे रेगिस्तान मानसून से प्रभावित नहीं होते क्योंकि वे अधिक ऊंचाई पर होते है और हिमालय की वृष्टि-छाया में पड़ते है
- लाल मिर्च, नारंगी कद्दू और सुनहरे पीले भुट्टे यहाँ मिलते है
- श्रीनगर से लद्दाख जाते हुए कारगिल रस्ते में पड़ता है यहां संकरे रास्ते होते हैं
- पहाड़ी इलाको में नायलॉन का टेंट इस्तेमाल किया जाता है

- It rains very little here
- Tree plants are not found here
- A wooden ladder is used here
- Thick tree trunk helps in strengthening the roof
- Animals are kept in the ground floor. When it gets too cold, they themselves come to live in the ground floor, there is no window in the ground floor.
- In the summer season these people dry the fruits and use them in the winter.
- Ladakh region is the coldest desert in India
- The cold deserts in India are not affected by the monsoons as they are at higher altitudes and fall in the Himalayan rain.
- Red chili, orange pumpkin and golden yellow corn are available here
- Kargil is on the way from Srinagar to Ladakh
- There are narrow roads in Ladakh
- Nylon tents are used in hilly areas

7070721391 SACHIN ACADEMY

- लद्दाख में जुले-जुले का मतलब वेलकम होता है
- ट्रॉली (लकड़ी से बना झूला) का इस्तेमाल लद्दाख में नदी को पार करने के लिए किया जाता है
- स्किटपोपुल लद्दाख का एक गांव है

- In Ladakh, Jule means Welcome.
- Trolley is used to cross the river in Ladakh.
- Skitpopul is a village in Ladakh

श्रीनगर

- श्रीनगर में कुछ घर पहाड़ में कुछ पानी मे कुछ ऊंचे पर्वतों पर और कुछ पत्थरों में होते है और इनपर लकड़ी के सुंदर डिजाइन बने होते हैं
- हाउस बोट यह 80 फीट तक लंबी हो सकती है और 8 से 9 फीट तक चौड़ी
- डोंगा ये नाव झेलम नदी में डल झील में मिलती है। इसके अंदर कई कमरे होते हैं और अंदर से यह एक घर की तरह लगती है इन पर लकड़ियों के सुंदर डिजाइन बनाए जाते हैं जो इस के छत पर डिजाइन होता है उसे खत्मबंद कहते हैं
- कश्मीर के गांव में घर पत्थर से बनते हैं और ढलान वाली छते होती है कुछ पुराने घरों में विशेष प्रकार

Srinagar

- Some houses in Srinagar are in the mountains, some are in the water, some are on high mountains and some are in stones and beautiful designs of wood are made on them.
- House boats can be up to 80 feet long and 8 to 9 feet wide.
- Donga This boat is in Dal Lake in Jhelum River. There are many rooms inside it and from the inside it looks like a house, beautiful wood designs are made on it, which is designed on its roof, it is called ablaze.
- The houses in Kashmir village are made of stone and have a sloping roof. Some old houses have special type of windows

7070728391 SACHIN SIR

की खिड़कियां होती है जो दीवारों पर निकली होती है इन्हें डैब कहां जाता है इनमें सुंदर डिजाइन बना होता है

- कुछ पुराने घर पत्थरों के बने हुए हैं और कुछ ईट और लकड़ी के भी है दरवाजे और खिड़कियों में सुंदर मेहराब है
- शिकारा नाव पर्यटकों को आकर्षित करती है
- कश्मीर में सरसों के तेल में मछली को पका कर खाते हैं गोवा में नारियल के तेल में
- कहवा कश्मीर की एक खास किस्म की चाय है
- उर्दू , डोंगरी कश्मीर की भाषा है

Which are on the walls, they are called dabs, they have beautiful designs.

- Some old houses are made of stone and some are also of bricks and wood. Doors and windows have beautiful arches.
- Shikara boat attracts tourists
- Cook fish eat in mustard oil in Kashmir and coconut oil in Goa
- Kahwa is a special type of tea of Kashmir.
- Urdu, Dongri is the language of Kashmir

7070721391 SAGAR ACADEMY

मनाली

- मनाली में बारिश भी होती है और बर्फ भी पड़ती है
- यहां घर पत्थर और लकड़ी के बने होते है जिनकी छते ढालू होती है

Manali

- It rains and snow in Manali.
- Here the houses are made of stone and wood, which has a sloping roof.

आंध्र प्रदेश

- नल्लामडा आंध्र प्रदेश में है, मुखतारपुर गाँव आंध्र प्रदेश के पोचमपल्ली जिले में है
- आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के लोगों का सबसे प्रिय भोजन इडली, डोसा, वड़ा, सांभर,नारियल की चटनी है
- आंध्र प्रदेश में लोगों का एक समूह एक विशेष कैंप लगाता है इस कैंप के द्वारा कम उम्र की शादीशुदा लड़कियों को दोबारा स्कूल भेजने में मदद की जाती है
- आंध्र प्रदेश की भाषा तेलुगू है

☞ पोचमपल्ली जिला तेलंगाना में है इस जिले के अधिकतर लोग बुनकर है अतः इस बुनाई को पोचमपल्ली व कलमकारी के नाम से जाना जाता है

Andhra Pradesh

- Nallamada is in Andhra Pradesh Mukhtarpur village is in Pochampally district of Andhra Pradesh
- The most favorite food of the people of Andhra Pradesh and Tamil Nadu is Idli, Dosa, Vada, Sambar, Coconut Chutney.
- In Andhra Pradesh, a group of people organize a special camp, through this camp, married young girls are helped to send back to school.
- Telugu is the language of Andhra Pradesh

☞ Pochampally district is in Andhra Pradesh, most of the people of this district are weavers, so this weaving is known as Pochampally and Kalamkari.

उत्तर प्रदेश

- उत्तर प्रदेश का कन्नौज जिला इत्र के लिए मशहूर है यहां के फूलों से इत्र,गुलाब जल,केवड़ा तैयार किया

Uttar Pradesh

- Kannauj district of Uttar Pradesh is famous for perfume.
- rose water, Perfumes, kevda are prepared from the flowers here.

7070721391 SACHIN ACADEMY

किया जाता है

- उत्तर प्रदेश में कचनार के फूलों की सब्जी बहुत बनाई जाती है
- कत्थक उत्तर प्रदेश का नृत्य है

- The vegetable of Kachnar flowers is made a lot in Uttar Pradesh
- Kathak is the dance of Uttar Pradesh

उत्तराखंड

- उत्तराखंड में पहाड़ों के बीच में एक ऐसी जगह है, जहाँ फूल-ही-फूल होते हैं। यह 'फूलों की घाटी' कहलाती है। कहीं झाड़ियों में लगे लाल फूल नजर आते हैं, तो कहीं पत्थरों के बीच, सफ़ेद फूल झाँकते हुए मिलते हैं। पीले-पीले फूलों के लंबे-चौड़े कालीन जैसे मैदान भी हैं। और कहीं-कहीं अचानक घास के बीच छोटे-छोटे तारों जैसे नीले फूल दिखाई देते हैं। इस घाटी में इतने सारे फूल साल में कुछ ही हफ्तों के लिए खिलते हैं।

Uttarakhand

- In the middle of the mountains in Uttarakhand, there is a place where there are flowers. This is called the 'Valley of Flowers'. Somewhere there are red flowers in the bushes, and somewhere between the stones, white flowers are seen. There are also plains, such as long carpets of pale yellow flowers. And somewhere suddenly blue flowers like small stars appear among the grass. So many flowers bloom in this valley for only a few weeks in a year.

मुंबई

- मुंबई भारत का सबसे बड़ा शहर है
- दिल्ली से मुंबई जाने के लिए गुजरात, राजस्थान को पार करते हुए महाराष्ट्र में आना पड़ता है
- दिल्ली से मुंबई 1400 किलोमीटर दूर है
- विक्टोरिया टर्मिनस रेलवे स्टेशन मुंबई में है
- पहली बार 16 अप्रैल 1853 को मुंबई से थाने के बीच पहली रेलगाड़ी चली थी
- नागपांडा और अफसाना मंसूरी बॉस्केटबॉल टीम मुंबई में है
- शोलापुर मुंबई में है
- बाजार गांव महाराष्ट्र में है
- कफ परेड मुंबई में है
- बच्चू खान प्लेग्राउंड मुंबई में है जिसका नाम मुस्तफा खान कोच के नाम पर पड़ा
- सहजन के फूलों के पकोड़े महाराष्ट्र में खाये जाते है

Mumbai

- Mumbai is India's largest city
- To go from Delhi to Mumbai, one has to cross Gujarat, Rajasthan and come to Maharashtra.
- Mumbai is 1400 km away from Delhi
- Victoria Terminus railway station is in Mumbai
- The first train ran between Mumbai to the Thane on 16 April 1853.
- Nagpanda and Afsana Mansoori basketball team are in Mumbai
- Solapur is in Mumbai
- The bajaar village is in Maharashtra
- Cuffe Parade is in Mumbai
- Bachoo Khan Playground is in Mumbai named after Mustafa Khan Coach
- Fritters of drumstick flowers are eaten in Maharashtra

7070721 SACHIN ACADEMY

- वरली एक पारम्परिक कला है जिसका प्रचलन महाराष्ट्र में है यह महाराष्ट्र-गुजरात सीमा पर सर्वधिक देखने को मिलता है इस चित्रकला में फसल पैदावार, शिकार, मछली पकड़ना, खेती, उत्सव, नृत्य, पेड़ और जानवरों आदि से जुड़े प्राकृतिक दृश्य बनाए जाते है। इस आर्ट में गाय के गोबर और मिट्टी का भी प्रयोग किया जाता है।

मिजोरम

- मिजोरम में मिजो भाषा बोली जाती है यहां तीन चौथाई लोग जंगल में रहते हैं यहां की मुख्य फसल चावल है
- यहां खेती की लॉटरी निकाली जाती है जमीन को साझा मानकर सभी लोगों को बारी-बारी उस जमीन पर खेती करने का अवसर मिलता है मिजोरम में बांस के बर्तन बनाए जाते है झूम खेती मिजोरम में होती है

कर्नाटक

- कर्नाटक की भाषा कन्नड़ है

- Worli is a traditional art, which is practiced in Maharashtra, it is most visible on the Maharashtra-Gujarat border. In this painting, natural scenes related to harvest, hunting, fishing, farming, festivals, dance, trees and animals etc. are made. Cow dung and clay are also used in this art.

Mizoram

- Mizo language is spoken in Mizoram. Three-fourths of the people live in the forest, the main crop here is rice.
- Lottery of farming is carried out here, by considering the land as shared, all people get an opportunity to do farming on that land in turn. Bamboo utensils are made in Mizoram. Jhoom farming is done in Mizoram.

Karnataka

- The language of Karnataka is Kannada

7070721391 SACHIN ACADEMY

- बेलवनिका गांव कर्नाटक में है।
- होलगुंडी गांव कर्नाटक में है बच्चों की पंचायत बीमा संघ होलगुंडी गांव में है

- Belvanika village is in Karnataka.
- Holgundi village is in Karnataka
- Children's Panchayat beema sangh is in Holgundi village

राजस्थान

- राजस्थान में मिट्टी के घर बनाए जाते हैं घरो की दीवारे बहुत मोटी होती है और इन्हे लीप पोत कर सुन्दर बनाया जाता है और उनकी छत कंटीली झाड़ियों से बनाते हैं
- राजस्थान में Tank को Tanka भी कहते हैं
- अपने आंगन में जमीन में गढ़्डा खोद कर टैंक का निर्माण करते हैं और अपनी छतों का ढाल बनाते हैं जिससे कि बारिश का सारा पानी इन टैंकों में जा गिरे और बाद में इसे छान कर उपयोग में लाते है।
- यहां बारिश बहुत कम होती है
- टेक्ला गांव 1600 मीटर ऊँचा है जो राजस्थान के झालरपतन या झलवार में है
- राजस्थान के जोधपुर में खेजड़ली गांव के लोग पेड़ों

Rajasthan

- Clay houses are built in Rajasthan, the walls of the houses are very thick and their roofs are made of thorn bushes.
- Tank in Rajasthan is also called Tanka
- In their courtyard, they build a tank by digging holes in the ground and make a shield of their roofs so that all the rain water falls into these tanks and then filter it and use it.
- it rains very little here
- Tekla village is 1600 meters high which is in Jhalrapatan or Jhalwar of Rajasthan.
- 300 years ago, people of Khejdali village in Jodhpur, Rajasthan, stood up with trees

7670722 SACHIN

को कटने से बचाने के लिए 300 साल पहले पेड़ों से चिपक कर खड़े हो गए थे आज 300 साल के बाद भी यहां के लोग जो बिश्नोई कहलाते हैं पेड़ों और जानवरों के प्रति संवेदनशील है और इनकी रक्षा करते हैं

- यहां शिकार करना और पेड़ों को काटना वर्जित है।
- रेगिस्तान में होते हुए भी ये गांव हरा भरा है
- यहां जानवर बिना किसी डर के इधर-उधर घूमते हैं
- खेजड़ली गांव में खेजड़ी पेड़ पाए जाते हैं यह पेड़ रेगिस्तानी इलाकों में खूब पाया जाता है इसे ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है इसकी छाल दवा बनाने के काम आती है इसकी लकड़ी को कभी कीड़ा नहीं लगता इसकी फलियो से सब्जी बनती है पत्तियों को वहां रहने वाले जानवर खाते है

- to save trees from being cut down.
- Today, even after 300 years, people here called Bishnoi are sensitive to trees and animals and protect them.
- Hunting and cutting of trees is prohibited here.
- Despite being in the desert, this village is lush green
- Here animals roam around without any fear
- Kejdi trees are found in the village of Khejdli, this tree is found in the desert areas, it does not need much water, its bark is used to make medicine, its wood never seems to be a worm. Vegetables made from its beans.

7070721391 SACHIN ACADEMY

बिहार

- बिहार में मधुबनी नामक जिला है यहाँ त्यौहार एवं खुशी के मौके पर घर की दीवारों पर और आंगन में कई तरह के चित्र बनाए जाते हैं

Bihar

- There is a district called Madhubani in Bihar, on the occasion of festivals and happiness, many kinds of paintings are made on the walls of the house and in the courtyard.

- यह चित्र पिसे हुए चावल के घोल में रंग मिलाकर बनाए जाते हैं
- इन रंगों को बनाने के लिए नील, हल्दी, फूल, पेड़ों के रंग आदि का इस्तेमाल किया जाता है
- चित्रों में इंसान, जानवर, पेड़, फूल,पंछी, मछलियां आदि जीव जंतु साथ में बनाए जाते है
- मधुबनी चित्रकला बहुत पुरानी है और इसका नाम इस जिले के नाम पर ही पड़ गया

गोलकुंडा फोर्ट

- गोलकुंडा फोर्ट हैदराबाद में है
- दीवार का भाग एक गोलाकार शेप में है जिसे बेसंश या बुर्ज कहते है गोलकुंडा की बाहरी दीवारों पर ऐसे 87 बुर्ज है
- कुतुब शाही सुल्तानों ने गोलकुंडा में 1518 से 1687 तक शासन किया इससे पहले 1200 ईसवी में गोलकुंडा किला मिट्टी का बना हुआ था
- ऊंची और गोल दीवारे दूर तक देखने में मदद करती थी जिससे आक्रमण का पता चल जाता था
- औरंगजेब यहाँ आक्रमण करने आया था पर असफल रहा

- This picture is made by adding color to a mixture of slurry of rice
- Indigo, turmeric, flowers, tree colors, etc. are used to make these colors.
- In pictures, Humans, animals, trees, flowers, birds, fish, etc. are made together.
- Madhubani painting is very old and its name is derived from the name of this district.

Golconda fort

- Golconda Fort is in Hyderabad
- The part of the wall is in a circular shape which is called Besansh or Burj. There are 87 such bastions on the outer walls of Golconda. Qutub Shahi Sultans ruled Golconda from 1518 to 1687 before Golconda fort was built of clay in 1200 AD.
- High and round walls helped to see the distance so that the attack could be detected.
- Aurangzeb had come here to attack, but failed to stay with his army outside the fort for almost 8 months, because of which

7070721391 SACHIN ACADEMY

- लगभग 8 महीने तक किले के बाहर अपनी सेना के साथ रहा किले के चारों तरफ खाई थी जिस वजह से आक्रमण नहीं कर पाया
- उस समय कांस्य (Bronze) की बंदूके बनती थी

  - हजारों सालों से घुमंतू वर्ग कांस्य (bronze) से चीजें बनाते आ रहे है
  - कांस्य ताँबे ओर टिन की मिश्रधातु है
  - सुल्तान अबुलहसन संगीत और कुचीपुड़ी डांस का शौकीन था

- there was a moat around the fort, which could not invade.
- Bronze guns were made at that time.

  - For thousands of years, the nomadic people have been making things with bronze.
  - Bronze is an alloy of copper and tin.
  - Sultan Abulhassan was fond of music and Kuchipudi dance

7070721391 SACHIN ACADEMY

जल

- जल एक महत्त्वपूर्ण नवीकरणीय प्राकृतिक संसाधन (Renewable natural resources) है, भूपृष्ठ (Surface) का तीन-चौथाई भाग जल से ढका है।
- जल के क्षेत्र को जलमंडल (Hydrosphere) कहते हैं। यह जल के विभिन्न स्रोतों जैसे-नदी, झील, समुद्र, महासागर आदि जैसे विभिन्न जलाशयों (Reservoirs)

Water

- Water is an important renewable natural resource, three-fourth of the surface is covered by water.
- The area of water is called Hydrosphere. It consists of various sources of water such as river, lake, sea, ocean etc. Reservoirs. It is essential for all beings.

से मिलकर बनता है। यह सभी प्राणियों के लिए आवश्यक है।

- **महासागरों** (Oceans) **का जल लवणीय** (Saline) **है और मानवीय उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं है। अलवण जल** (Fresh water) **केवल** 2.7 **प्रतिशत ही है। इसका लगभग** 70 **प्रतिशत भाग बर्फ़ की चादरों और हिमानियों** (Glaciers) **के रूप में अंटार्कटिका, ग्रीनलैंड और पर्वतीय प्रदेशों में पाया जाता है।**
- **जल में ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियां मर जाती है**
- **पानी को साफ करने का सबसे अच्छा तरीका पानी को उबालना है**
- **गंदा पानी पीने से दस्त और हैजा हो सकता है**
- **दस्त या उल्टी में शरीर का बहुत सारा पानी बाहर निकल जाता है**
- **जल का सर्वाधिक घनत्व 4°C पर होता है।**
- **जल एक सार्वभौमिक विलायक है।**
- **पदार्थ कि तीनो अवस्थाओं (Liquid, Solid, Gas) में जल विद्यमान होता है।**
- **इसमें विभिन्न पदार्थों को घोलने कि क्षमता है।**

- The water of oceans is saline and not suitable for human consumption. Fresh water is only 2.7 percent. About 70 percent of it is found in Antarctica, Greenland, and mountainous regions in the form of ice sheets and glaciers.
- Fishes die due to lack of oxygen in the water
- The best way to clean water is to boil water
- Drinking dirty water can cause diarrhea and cholera.
- In diarrhea or vomiting, a lot of water of the body gets drained out.
- The highest density of water is at 4°C.
- Water is a universal solvent.
- Water exists in all three states of matter (liquid, solid, gas).
- It has the ability to dissolve various substances.

7070721391 SACHIN ACADEMY

कुआं या बावड़ी

- सीढ़ी दार कुंए या बावड़ी जल भण्डारण तथा संरक्षण की पारम्परिक व्यवस्था के साथ जल स्रोत के रूप में भी उपयोगी होते है

कुएं के सूखने के प्रमुख कारण

- पानी को मोटर से निकाला जा रहा है जिससे जमीन का पानी कम होता जा रहा है
- झील कम हो रही है जहां वर्षा का पानी इकट्ठा होता था
- पेड़ और पार्क के चारों ओर की मिट्टी को सीमेंट से ढका जा रहा है जिससे वर्षा का पानी जमीन तक नही पहुँच पाता

घड़सीसर

- 'सर' यानी तालाब। इसे जैसलमेर के राजा घड़सी ने लोगों के साथ मिलकर बनवाया था। इसके दोनों तरफ़ पक्के घाट, सजे हुए बरामदे, कमरे, बड़े हॉल आदि थे
- मीलों तक फैले इस घड़सीसर में बारिश का पानी इकट्ठा होता था। तालाब इस तरह बनाया गया था कि जब वह पानी से भर जाता, तब बाकी पानी बहकर नीचे बने हुए

Well or Baavadee

- Ladder wells or stepwells are also useful as a water source along with the traditional system of water storage and conservation.

The main reasons for the well drying

- The water is being drained from the motor, which is reducing the ground water.
- The lake is receding where rainwater used to collect
- The trees and the soil around the park are being covered with cement so that the rain water does not reach the ground.

Ghadseesar

- 'Sir' means pond. It was built by Raja Ghadasi of Jaisalmer in association with the people. It had paved ghats, adorned verandahs, rooms, large halls on both sides.
- The water used to collect rain in this Ghadseesar, which stretched for miles. The pond was built in such a way that when it was

7070972139 SACHIN ACADEMY

- तालाब में चला जाता। जब वह भी पूरा भर जाता तो पानी तीसरे तालाब में चला जाता। इस तरह **नौ तालाब** एक-दूसरे से आपस में जुड़े थे। पूरे साल पानी की कोई परेशानी नहीं होती थी। पर आज घड़सीसर जैसे उजड़-सा गया है। नौ तालाबों के रास्ते में मकान और कॉलोनियाँ बन गई हैं। यहाँ इकट्ठा होने वाला पानी अब तालाब की तरफ़ न जाकर बेकार बह जाता है।

- filled with water, then the remaining water would flow into the pond below. When that too was full, the water would go into the third pond. In this way, nine ponds were connected to each other. There was no water problem throughout the year. But today Ghadseesar has become as desolate as ever. Houses and colonies have been built along the path of nine ponds. The water that collects here does not go towards the pond and gets wasted.

मृत सागर

- वैसे तो सभी सागरों के पानी में नमक होता है, लेकिन मृत सागर दुनिया का सबसे नमकीन सागर है। इतना नमकीन कि लगभग एक लीटर पानी में 300 ग्राम नमक होता है मृत सागर में हम ऐसे तैर सकते हैं, जैसे आराम से लेटे हों।

The Dead Sea

- Although there is salt in the water of all the seas, but the Dead Sea is the saltiest sea in the world. So salty that about one liter of water contains 300 grams of salt, we can swim in the dead sea as if lying down comfortably.

7070721391 SACHIN ACADEMY

ऊर्जा

ऊर्जा का सबसे प्रमुख स्रोत सूर्य है। पौधे सूर्य की ऊर्जा को प्रकाश-संश्लेषण के लिये इस्तेमाल करते हैं और इसीलिये उन्हें उत्पादक कहा जाता है। शाकाहारी पौधों को खाते हैं। वे उपभोक्ता कहलाते हैं। मांसाहारी शाकाहारियों को भोजन बनाते हैं। इस प्रकार से ऊर्जा का स्थानान्तरण एक प्राणी से दूसरे तक होता है। कुछ ऊर्जा, ऊष्मा के रूप में विलीन हो जाती है।

ऊर्जा के परम्परागत स्रोत

ऊर्जा के परम्परागत स्रोत जीवाश्मीय ईंधन हैं। जीवाश्मीय ईंधन के निर्माण में कई वर्ष लग जाते हैं और उनका नवीनीकरण नहीं हो सकता। जीवाश्म उन जीवों के अवशेष हैं जोकि बहुत वर्ष पहले जीते थे और जीवाश्म ईंधन वे पौधे हैं जो पृथ्वी के नीचे दब गए थे और जो पत्थरों के रूप में परिवर्तित हो गए।

जीवाश्म ईंधन

- **कोयला :-** ये एक ठोस पदार्थ है। हमारे देश में कोयले की खानें बिहार के रानीगंज, झरिया और धनबाद नगरों के पास पायी जाती हैं।

Energy

The main source of energy is the sun. Plants use the energy of the sun for photosynthesis and that is why they are called producers. Herbivores eat plants. They are called consumers. Non-vegetarians make food for the vegetarians. In this way energy is transferred from one animal to another. Some of the energy is converted into heat.

Conventional sources of energy

The conventional sources of energy are fossil fuels. Fossil fuels take many years to form and cannot be renewable. Fossils are the remains of organisms that lived many years ago and fossil fuels are plants that were buried in the earth and turned into stones.

Fossil Fuel

- Coal: It is a solid material. In our country, coal mines are found near the cities of Raniganj, Jharia and Dhanbad in Bihar.

7070721391 SACHIN ACADEMY

- **तेल :-** ये एक द्रव धातु है भारत में तेल पश्चिमी तट पर तथा राजस्थान, गुजरात व आसाम की डिगबोई तेल क्षेत्रों में पाया जाता है।
- **प्राकृतिक गैस :-** ये विभिन्न गैसों का मिश्रण हैं। खाना पकाने के प्रयोग में आने वाली गैस को एलपीजी या द्रव पेट्रोलियम गैस कहते हैं और वह सिलिन्डरों में भरकर लाई जाती है। संपीड़ित प्राकृतिक गैस या सीएनजी (जैसे-बसों, स्कूटरों, ऑटो-रिक्शों और टैक्सियों) सार्वजनिक यातायात के वाहनों में प्रयोग

ऊर्जा के गैर- परम्परागत स्रोत

ये नवीनीकृत संसाधन हैं और यह कभी समाप्त नहीं होने वाले हैं।

- **सौर ऊर्जा :-** सौर ऊर्जा या सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। यह प्रकृति में व्यापक रूप से पायी जाती है यह प्रदूषण रहित होती है।

- Oil: - This is a liquid metal, oil is found in India on the west coast and in the Digboi oil fields of Assam and Rajasthan, Gujarat.

- Natural Gas: It is a mixture of different gases. The gas used for cooking is called LPG or Liquefied Petroleum Gas and it is brought in cylinders. Compressed natural gas or CNG (such as buses, scooters, auto-rickshaws and taxis) is used in public transport vehicles.

non-conventional sources of energy

These are renewable resources and they are never going to expire.

- **Solar energy :-** Solar energy or the energy received from the sun is the most important. It is widely found in nature, it is pollution free.

7070721391 SACHIN ACADEMY

- **वायु ऊर्जा (Wind energy) :-** वायु ऊर्जा का पारंपरिक रूप से घरेलू कार्यों के लिये और खेतों की सिंचाई के लिये पानी उठाने के लिये काम हुआ है। वायु की गतिज ऊर्जा विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित होकर प्रयोग में लाई जाती है।

- **जलविद्युत ऊर्जा (Hydroelectricity) :-** गिरते हुए या बहते हुए जल की गतिज उर्जा से जो विद्युत उत्पन्न की जाती है उसे जलविद्युत कहते हैं।

- **ज्वारीय ऊर्जा (Tidel energy) :-** ज्वारीय शक्ति या ज्वारीय ऊर्जा जल विद्युत का एक रूप है। ज्वारीय ऊर्जा समुद्र की या सागर की लहरों की ऊर्जा है, समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटा की उर्जा को उपयुक्त टर्बाइन लगाकर विद्युत शक्ति में बदल दिया जाता है।

- **भूतापीय ऊर्जा (geothermal energy) :-** वह ऊर्जा है जिसे पृथ्वी में संग्रहित ताप से निकाला जाता है।

- **Wind energy:-** Wind energy has traditionally been used to raise water for domestic purposes and for irrigation of fields. The kinetic energy of air is converted into electrical energy and used.

- **Hydroelectricity:-** The electricity generated by the kinetic energy of falling or flowing water is called hydroelectricity.

- **Tidel energy:-** Tidal power or tidal energy is a form of hydroelectricity. Tidal energy is the energy of the ocean or ocean waves, the energy of the tides coming in the ocean is converted into electric power by applying suitable turbines.

- **Geothermal energy :-** It is the energy that is extracted from the heat stored in the earth.

7970721391 SACHIN ACADEMY

- **बायोमास से प्राप्त ऊर्जा :-** बायोमास वह पादप सामग्री है जिसका प्रकाश-संश्लेषण के परिणामस्वरूप निर्माण हुआ है। बायोमास ऊर्जा के स्रोत हैं। इन्हें सीधे जलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है या इनको विभिन्न प्रकार के जैव ईंधन में परिवर्तित करने के बाद इस्तेमाल किया जा सकता है। उदाहरण- गन्ने की खोई, धान की भूसी, अनुपयोगी लकड़ी आदि

Energy derived from biomass:- Biomass is the plant material which is formed as a result of photosynthesis. Biomass is a source of energy. They can be used directly by burning or they can be used after converting them into different types of biofuels. Example- sugarcane bagasse, paddy husk, unusable wood etc.

पेट्रोलियम

- पेट्रोलियम प्राकृतिक रूप से बनता है पर इसके बनने की गति बहुत ही धीमी होती है इसके बनने में लाखों करोड़ों साल लग जाते हैं
- जमीन से निकलने वाला कच्चा तेल **गहरे रंग का गाढ़ा तरल** पदार्थ होता है जिसमें **गंध** होती है इसे रिफाइन किया जाता है रिफाइन होने के बाद इससे मिट्टी का तेल, डीजल, पेट्रोल, और वायुयान में प्रयोग होने वाला ऑयल, एलपीजी, मॉम, कोलतार, गिरीश बनता है

Petroleum

- Petroleum is made naturally, but its formation is very slow, it takes millions of millions of years to make it.
- Crude oil coming out of the ground is a dark colored liquid with an odor that is refined. After being refined, it produces kerosene, diesel, petrol, and oil used in aircraft, LPG, MOM, bitumen, Girish.

7070721391 SACHIN ACADEMY

गैस

- द्रव से गैस में परिवर्तन होने की प्रक्रिया वाष्पीकरण कहलाती है वाष्पीकरण की प्रक्रिया उस समय सबसे धीमी होती है जब सतह क्षेत्र और तापमान दोनों में कमी होती है जब सतह का क्षेत्र बड़ा होता है तो तापमान कम या अधिक होने की स्थिति में भी वाष्पीकरण होता है
- कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरो-फ्लोरो कार्बन, मीथेन आदि ग्रीन हाउस गैसे होती है ये गैसें जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार होती है और इनसे विश्व में गर्मी बढ़ रही है भारत में क्लोरो-फ्लोरो कार्बन पर रोक लगा दी गई है

Gas

- The process of change from liquid to gas is called evaporation. The process of evaporation is slowest when there is a decrease in both the surface area and the temperature. When the surface area is large, the temperature evaporates even when the temperature is low or high.
- Greenhouse gases are carbon dioxide, nitrous oxide, chloro-fluoro carbon, methane etc. These gases are responsible for climate change and they are increasing the heat in the world. Chloro-fluoro carbon has been banned in India.

7070721391 SACHIN ACADEMY

वायुमंडल में पायी जाने वाली गैसें (Atmospheric Gases)

- नाइट्रोजन तथा ऑक्सीजन ऐसी दो गैसें हैं, जिनसे वायुमंडल का बड़ा भाग बना है।
- नाइट्रोजन, वायु में सबसे अधिक पाई जाने वाली गैस है लगभग 78%,
- ऑक्सीजन की मात्रा लगभग 21%, है।
- ऑर्गन की मात्रा लगभग 0.93%, है।

- कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा लगभग 0.03% हमारे वायुमंडल में पायी जाती है।
- इन अन्य सभी गैसों के अलावा धूल के छोटे-छोटे कण भी हवा में मौजूद होते हैं।

ग्रीन हाउस गैस

- ग्रीन हाउस गैसें बहुत सारी गैसों का एक मिश्रण है जो वायुमंडल में गर्मी को रोकने में सक्षम होती हैं। इसकी वजह से पृथ्वी की सतह गर्म रहती हैं। पृथ्वी के वातावरण में होने वाले बदलाव और इसके सतह तापमान में होने वाले बदलाव में इन गैसों का मुख्य कारण है।
- ग्रीनहाउस प्रभाव का मूल कारण ये ग्रीनहाउस गैसें ही होती हैं. जब वातावरण में इन गैसों में बढ़ोतरी होती है तो इसका प्रभाव भी बढ़ जाता है. यही ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण है और मौसम चक्र को भी बदलता है. ग्रीनहाउस गैसें जितनी अधिक होंगी पृथ्वी की सतह का तापमान भी उतना अधिक बढ़ेगा । इसी की वजह से इन सभी गैसों को मिलकर ग्रीनहाउस गैस के नाम से जाना जाता है।

7070721391 SACHIN ACADEMY

वातावरण में प्रकृतिक रूप से पायी जाने वाली ग्रीनहाउस गैसे

- कार्बन डाई ऑक्साइड (CO_2) (सबसे प्रमुख ग्रीनहाउस गैस)
- मीथेन (CH_4)
- जल वाष्प (Watet Vapour)
- नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O)
- फ्लुओरीनीकृत गैसें

मानव द्वारा निर्मित या संश्लेषित ग्रीन हाउस गैसें निम्नलिखित हैं

- क्लोरोफ़्लोरोकार्बन (CFCs)
- हाइड्रो फ़्लोरोकार्बन (HFCs)
- पर फ़्लोरोकार्बन' (PFCs)
- सल्फर हेक्साक्लोराइड (SF6)

ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि के प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं :

- औद्योगिकीकरण
- नगरीकरण
- उपभोक्तावादी संस्कृति
- वाहनों में जीवाश्म ईंधनों के जलने से उत्पन्न धुआँ
- वनों का विनाश

7070721391 SACHIN ACADEMY

वायुमंडल (Atmosphere)

हमारी पृथ्वी चारों ओर से वायु की घनी चादर से घिरी हुई है, जिसे वायुमंडल कहते हैं। पृथ्वी पर सभी जीव जीवित रहने के लिए वायुमंडल पर निर्भर हैं।

वायुमंडल की संरचना (Structure of the atmosphere)

हमारा वायुमंडल पाँच परतों (Layers) में विभाजित है, जो पृथ्वी की सतह से आरंभ होती हैं। ये हैं -



1. क्षोभमंडल (Troposphere)
2. समतापमंडल (Stratosphere)
3. मध्यमंडल (Mesosphere)
4. बाह्य वायुमंडल (Thermosphere)
5. बहिर्मंडल (Exosphere)

1. क्षोभमंडल (Troposphere)

यह परत वायुमंडल की सबसे महत्त्वपूर्ण परत है। इसकी औसत ऊँचाई 13 किलोमीटर है। हम इसी मंडल में मौजूद वायु में साँस लेते हैं। मौसम की लगभग सभी घटनाएँ जैसे वर्षा, कुहरा, आंधी - तूफ़ान एवं ओलावर्षण इसी परत के अंदर होती हैं।

2. समतापमंडल (Stratosphere)

क्षोभमंडल के ऊपर का भाग समताप मंडल कहलाता है। यह लगभग 50 किलोमीटर की ऊँचाई मध्यसीमा तक फैला है। यह परत बादलों एवं मौसम संबंधी घटनाओं से लगभग मुक्त होती है। इसके फलस्वरूप यहाँ की परिस्थितियाँ हवाई जहाज़ उड़ाने के लिए आदर्श होती हैं। समताप मंडल की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें ओजोन गैस (Ozone gas) की परत होती है। यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक गैसों से हमारी रक्षा करती है।

7870721391 SACHIN ACADEMY

3. मध्यमंडल (Mesosphere)

यह वायुमंडल की तीसरी परत है। यह समताप मंडल के ठीक ऊपर होती है। यह लगभग 80 किलोमीटर की ऊँचाई तक फैली है। अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का पिंड (Meteorite) इस परत में आने पर जल जाते हैं।

4. बाह्य वायुमंडल (Thermosphere)

बाह्य वायुमंडल में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान अत्यधिक तीव्रता से बढ़ता है। आयन मंडल इस परत का एक भाग है। यह 80 से 400 किलोमीटर तक फैला है। रेडियो संचार (radio communication) के लिए इस परत का उपयोग होता है। वास्तव में पृथ्वी से प्रसारित रेडियो तरंगें (radio waves) इस परत द्वारा पुनः पृथ्वी पर परावर्तित कर दी जाती हैं।

5. बहिर्मंडल (Exosphere)

वायुमंडल की सबसे ऊपरी परत को बहिर्मंडल के नाम से जाना जाता है। यह वायु की पतली परत होती है। हल्की गैसें जैसे- हीलियम एवं हाइड्रोजन यहीं से अंतरिक्ष में तैरती रहती हैं।

7070721391 SACHIN ACADEMY

सौरमंडल (Solar System)

सूर्य, आठ ग्रह (planets), उपग्रह (Satellite) तथा कुछ अन्य खगोलीय पिंड (celestial bodies), जैसे क्षुद्र ग्रह (Asteroids) एवं उल्कापिंड (meteoroids) मिलकर सौरमंडल (Solar System) का निर्माण करते हैं।

सूर्य (The Sun)

- सूर्य सौरमंडल के केंद्र में स्थित है। यह बहुत बड़ा है एवं अत्यधिक गर्म गैसों से बना है। सूर्य, सौरमंडल के लिए प्रकाश (Light) एवं ऊष्मा (Heat) का एकमात्र स्रोत है। सूर्य पृथ्वी (Earth) से लगभग 15 करोड़ किलोमीटर दूर है।
- सूर्य के सबसे ज्यादा निकट तारा प्रोक्सिमा सेंचुरी है।
- प्रकाश की गति लगभग 3,00,000 किमी./प्रति सेकंड है। इस गति को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग 8 मिनट 19 सेकेंड का समय लगता है।

ग्रह (Planets)

- हमारे सौरमंडल में आठ ग्रह हैं। सूर्य से दूरी के अनुसार, वे है- बुध (Mercury), शुक्र (Venus), पृथ्वी (Earth), मंगल (Mars), बृहस्पति (Jupiter), शनि (Saturn), यूरेनस (Uranus) तथा नेप्च्यून (Neptune)। सौरमंडल के सभी आठ ग्रह एक निश्चित पथ (fixed paths) पर सूर्य का चक्कर लगाते हैं। ये रास्ते दीर्घवृत्ताकार (elongated) में फैले हुए हैं। ये कक्षा (Orbits) कहलाते हैं। बुध सूर्य के सबसे नजदीक का ग्रह है।
- ग्रह का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन (Rotation) कहलाता है। सूर्य के चारों ओर एक स्थिर कक्ष में पृथ्वी की गति को परिक्रमण (Revolution) कहते हैं। पृथ्वी का अक्ष खगोलीय पिण्ड (2003 UB_{313}, सिरस) तथा प्लूटो 'बौने ग्रह (Dwarf Planets) कहे जाते है।
- शुक्र एवं यूरेनस को छोड़कर सभी ग्रह घड़ी की सूई के विपरीत दिशा में परिभ्रमण करते हैं। इन दोनों ग्रहों की परिभ्रमण की दिशा घड़ी की सूई की दिशा में होती है।

बुध (Mercury)

7070/21391 SACHIN ACADEMY

- बुध ग्रह सौरमंडल के आठ ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य का सबसे निकटतम ग्रह है। इसका परिक्रमण काल लगभग 88 दिन है। इसका कोई उपग्रह नहीं है ।

शुक्र (Venus)

- शुक्र पृथ्वी का सबसे निकटतम और सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह है। Venus Planet को यह नाम प्रेम और सुंदरता की देवी (रोमन देवी) के नाम पर दिया गया है। शुक्र ग्रह चंद्रमा के बाद रात के समय आकाश में सबसे अधिक चमकीला ग्रह है। इस ग्रह को पृथ्वी की बहन भी कहा जाता है क्योंकि Venus Planet का द्रव्यमान व आकार पृथ्वी के आकार के लगभग बराबर है। इसका कोई उपग्रह नहीं है ।
- शुक्र ग्रह को भोर का तारा (morning star) तथा सांझ का तारा (Evening Star) भी कहते है।

पृथ्वी (The Earth)

- सूर्य से दूरी के हिसाब से पृथ्वी तीसरा ग्रह है। आकार में, यह पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्रह है। यह ध्रुवों (poles) के पास थोड़ी चपटी है। यही कारण है कि इसके आकार को भू-आभ (Geoid) कहा जाता है। भू-आभ का अर्थ है, पृथ्वी के समान आकार।
- पृथ्वी के पास केवल एक उपग्रह (Satellite) है, चंद्रमा।
- अंतरिक्ष से देखने पर पृथ्वी नीले रंग की दिखाई पड़ती है, क्योंकि इसकी दो-तिहाई सतह पानी से ढकी हुई है। इसलिए इसे, नीला ग्रह (Blue Planet) कहा जाता है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घूर्णन पूरा करने में 23 घंटे, 56 मिनट और 4.09 सेकेंड का समय लेती है।
- यह अपने अक्ष पर लम्बवत 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसके कारण इस पर विभिन्न प्रकार के मौसम आते हैं।
- पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा 365 दिन 6 घंटे 48 मिनट और 45.51 सेकेंड में पूरा करती है।

7070721331 SACHIN ACADEMY

- **उपसौर (Perihelion) :-** जब पृथ्वी सूर्य के बिल्कुल पास होती है तो उसे उपसौर (Perihelion) कहते हैं । उपसौर की स्थिति 3 जनवरी को होती है।
- **अपसौर (Aphelion) :-** जब पृथ्वी सूर्य से अधिकतम दूरी पर होती है तो यह अपसौर (Aphelion) कहलाता है. अपसौर की स्थिति 4 जुलाई को होती है।

मंगल (Mars)

- सौरमंडल में यह ग्रह दूसरा सबसे छोटा ग्रह है। मंगल ग्रह की मिटटी मै लोह आक्साइड पाया जाता है जिससे इसका रंग लाल दिखाई देता है। इसी कारण इसे **"लाल ग्रह"** भी कहते है।
- मंगल ग्रह के दो उपग्रह **फो़बोस और डिमोज़** हैं। मंगल को पृथ्वी से नंगी आँखों से देखा जा सकता है।

बृहस्पति ग्रह (Jupiter Planet)

- बृहस्पति ग्रह आकार में हमारे सौरमण्डल का **सबसे बड़ा ग्रह** है। यह अपने अक्ष पर सबसे अधिक तेजी से परिक्रमा करने वाल ग्रह है यह मात्र 9 घन्टे 56 मिनट में अपने अक्ष पर घूर्णन पूर्ण कर लेता है। बृहस्पति ग्रह के 67 उपग्रह है ।

शनि ग्रह (Saturn Planet)

- शनि ग्रह हमारे सौरमण्डल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है इस ग्रह के **चारो और वलय** है। **टाइटन** शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह है। शनि ग्रह के 62 उपग्रह है ।

अरुण (Uranus)

- यूरेनस ग्रह की खोज **विलियम हरचेल नें 1781** में की थी इसे लेटा हुआ ग्रह भी कहते हैं। यूरेनस ग्रह के 27 उपग्रह है ।

7070721391
SACHIN ACADEMY

वरुण (Neptune)

- नेप्च्यून ग्रह हमारे सौर मण्डल का सूर्य से दूरी के अनुसार **सबसे दूर** का ग्रह है। यह **सबसे ठन्डा** ग्रह हैं। नेप्च्यून ग्रह के 14 उपग्रह है।

उपग्रह (Satellite)

- कुछ आकाशीय पिण्ड अपने ग्रह की परिक्रमा करते हुए सूर्य की परिक्रमा करते हैं। अपने ग्रह की परिक्रमा करने के कारण इन्हें उपग्रह कहते हैं। जैसे चन्द्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करता है। यह पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है।
- **'मानव निर्मित उपग्रह' :-** भारत ने आर्यभट एजुसेट और ओसनसेट नामक उपग्रह बनाए है।

चंद्रमा (The Moon)

- हमारी पृथ्वी के पास केवल एक **उपग्रह (Satellite)** है, चंद्रमा। इसका व्यास **(Diametre)** पृथ्वी के व्यास का केवल एक-चैथाई है। पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी लगभग **3,84,400 km** है। यह हमारी पृथ्वी के सर्वाधिक निकट स्थित **आकाशीय पिण्ड** है।
- चंद्रमा पृथ्वी का एक चक्कर लगभग **27 दिन 7 घंटे और 43 मिनट** में पूरा करता है।
- **नील आर्मस्ट्रांग** पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने 21 जुलाई 1969 को सबसे पहले चंद्रमा की सतह पर कदम रखा।
- चन्द्रमा का अपना कोई प्रकाश नहीं होता है। यह सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होता है। और सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करता है। जो हमारी पृथ्वी पर लगभग **1.25 सेकेण्ड** में पहुँचता है। इस प्रकाश को चाँदनी (Moon Light) कहते हैं।

7070721391 SACHIN ACADEMY

क्षुद्र ग्रह (Asteroids)

तारों (Stars), ग्रहों एवं उपग्रहों के अतिरिक्त, असंख्य छोटे पिंड (tiny bodies) भी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं। इन पिंडों को **क्षुद्र ग्रह** (Asteroids) कहते हैं। ये मंगल (Mars) एवं बृहस्पति (Jupiter) की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं

उल्कापिंड (Meteoroids)

सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़ों को **उल्कापिंड** (Meteoroids) कहते हैं। कभी-कभी ये उल्कापिंड पृथ्वी के इतने नजदीक आ जाते हैं कि इनकी प्रवृत्ति (tend) पृथ्वी पर गिरने की होती है। इस प्रक्रिया के दौरान वायु के साथ घर्षण (friction) होने के कारण ये गर्म होकर जल जाते हैं। इन्हें ही टूटता हुआ तारा कहा जाता है।

7070721391 SACHIN ACADEMY

पुच्छल तारे Comets)

पुच्छल तारे अथवा धूमकेतु चट्टानों, बर्फ, धूल और गैस के बने आकाशीय पिण्ड होते हैं।

गुरुत्वाकर्षण के कारण इस तारे का सिर सूर्य की तरफ तथा पूँछ हमेशा सूर्य से दूर बाहर की तरफ होती है, जो हमें चमकती दिखाई देती है।

कुइपर मेखला (Kuiper-Belt)

यह नेपच्यून के पार सौरमण्डल के आखिरी सिरों पर एक तश्तरी के आकार की विशाल पट्टी है। इसमें असंख्य खगोलीय पिण्ड उपस्थित हैं जिनमें कई बर्फ से बने हैं। धूमकेतु इसी क्षेत्र से आते हैं। प्लूटो भी इसी मेखला में स्थित है।

सूर्य ग्रहण एवं चन्द्रग्रहण

सूर्य ग्रहण :- जब सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है तो इस स्थिति को युति (Conjunction) कहते हैं। यह अमावस्या को होती है। इस स्थिति में चन्द्रमा की छाया, पृथ्वी पर पड़ती है, जिससे सूर्यग्रहण होता है।

चन्द्रग्रहण :- इसी प्रकार जब सूर्य और चन्द्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है तो उस स्थिति को वियुति (Opposition) कहते हैं। यह पूर्णिमा को होती है। इस स्थिति में पृथ्वी की छाया चन्द्रमा पर पड़ती है, जिससे चन्द्रग्रहण होता है।

ग्लोब (Globe)

काल्पनिक रेखा (imaginary line) जो ग्लोब को दो बराबर भागों में बाँटती है। इसे विषुवत् वृत्त / भूमध्य रेखा (Equator) कहा जाता है। पृथ्वी के उत्तर (North) में स्थित आधे भाग को उत्तरी गोलार्ध (Northern Hemisphere) तथा दक्षिण वाले आधे भाग को दक्षिणी गोलार्ध (Southern Hemisphere) कहा जाता है।

- भूमध्य रेखा से 23½° उत्तर में स्थित काल्पनिक अक्षांश रेखा को कर्क रेखा (Tropic of Cancer) और भूमध्य रेखा से 23½° दक्षिणी में स्थित काल्पनिक अक्षांश रेखा को मकर रेखा (Tropic of Capricorn) कहते हैं।
- कर्क और मकर रेखाओं के मध्य के भाग को उष्ण कटिबंध कहते हैं।
- भारत के 8 राज्य से कर्क रेखा गुजरती है ये राज्य है - गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा तथा मिज़ोरम।

7070721391 SACHIN ACADEMY

हमारा देश भारत (Our Country India)

- हमारे देश में कुल 28 राज्य हैं और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं
- क्षेत्रफल के आधार पर हमारे देश का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान है और सबसे छोटा राज्य गोवा हैं।
- जनसंख्या के आधार पर हमारे देश का सबसे अधिक जनसँख्या वाला राज्य उत्तर प्रदेश है और सबसे कम जनसँख्या वाला राज्य सिक्किम हैं।

केंद्र शासित प्रदेश और उनकी राजधानी (Union Territories and their Capitals)

	केंद्र शासित प्रदेश	राजधानी
1.	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	पोर्ट ब्लेयर
2.	दिल्ली	नई दिल्ली
3.	लक्षद्वीप	कवरत्ती
4.	दमन और दीव	दमन
5.	चंडीगढ़	चंडीगढ़
6.	पुदुचेरी	पांडिचेरी
7.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर (गर्मी) - जम्मू (सर्दी)
8.	लद्दाख	लेह

7070721391 SACHIN ACADEMY

राष्ट्रीय प्रतीक (National symbol)

भारत का राष्ट्र ध्वज (National Flag Of India)

- भारत के राष्ट्रीय ध्वज में समान अनुपात में केसरिया, सफेद तथा हरे रंग की क्षैतिज पट्टियाँ होती हैं, इन तीन रंगों के कारण भारत के ध्वज को तिरंगा कहा जाता है।
- ध्वज की चौड़ाई और लम्बाई का अनुपात क्रमशः 2:3 होता है। ध्वज में सफ़ेद रंग की पट्टी के बीचों-बीच गहरे नीले रंग का चक्र बना होता है जिसमें 24 तीलियाँ बनी होती हैं। यह चक्र सारनाथ में स्थित अशोक स्तम्भ से लिया गया है।
- 22 जुलाई, 1947 को भारतीय संविधान सभा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपनाया था। भारत के राष्ट्रीय ध्वज में स्थित केसरिया रंग त्याग और बलिदान का, सफ़ेद रंग सत्य, शांति और पवित्रता का तथा हरा रंग देश की समृद्धि तथा उर्वरता का प्रतीक (प्रदर्शक) है।

भारत का राष्ट्रीय गान (National Anthem Of India)

- भारत के राष्ट्रीय गान 'जन गण मन' को 24 जनवरी, 1950 को राष्ट्रीय गान के रूप में स्वीकार किया गया था। यह गान रबीन्द्रनाथ ठाकुर (टैगोर) द्वारा रचा गया है। सबसे पहले 27 दिसम्बर, 1911 को इसे कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में गाया गया था। सम्पूर्ण गीत/गान को पढ़ने या गाने में लगभग 52 सेकण्ड का समय लगता है।

भारत का राष्ट्रीय गीत (National Song Of India)

- भारत का राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' बंकिमचन्द्र चटर्जी द्वारा संस्कृत में रचित है, जोकि उनकी रचना 'आनंद मठ' से लिया गया है। इसे 24 जनवरी, 1950 को राष्ट्रगान के साथ ही स्वीकार किया गया था। सर्वप्रथम राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सत्र में गाया गया था।

भारत का राष्ट्रीय चिन्ह (National Emblem)

- भारत का राष्ट्रीय चिन्ह (National emblem) अशोक स्तम्भ है जो मौर्य साम्राज्य के शासक सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ में बनवाये गए स्तम्भ से लिया गया है।
- इस स्तम्भ में चार शेर एक दूसरे से पीठ से पीठ सटा कर बैठे हुए है और उनमे से एक सिंह के निचे लिखा हुआ है 'सत्यमेव जयते' जिसे राष्ट्रचिह्न में दर्शाया गया है। जोकि देवनागरी लिपि में अंकित है, इसका अर्थ है- 'सत्य की ही विजय होती है।
- 26 जनवरी, 1950 को अशोक स्तम्भ को भारत के राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में आधिकारिक रूप से स्वीकारा गया था।

सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार (Highest National Award)

- भारत रत्न भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार और सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। भारत रत्न सम्मान राष्ट्रीय सेवा में असाधारण कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।
- इन राष्ट्रीय सेवाओं में विज्ञान, कला, साहित्य, खेल और सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र सम्मिलित होते हैं।
- इस पुरस्कार के रूप में पुरस्कार प्राप्तकर्ता को एक प्रमाणपत्र और तमगा (medal) दिया जाता है। इस पुरस्कार में धनराशि नहीं दी जाती है।

- भारत रत्न की शुरुआत 2 जनवरी, 1954 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा की गई थी।

राष्ट्रीय पशु (National Animal)

- अप्रैल 1973 को बाघ या रॉयल बंगाल टाइगर को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया था। इससे पहले भारत का राष्ट्रीय पशु शेर हुआ करता था। तेज फुर्ती और शक्ति के कारण बाघ को भारत का राष्ट्रीय पशु माना गया है। बाघ का जंतु वैज्ञानिक नाम 'पैन्थरा टाइग्रिस' होता है।

राष्ट्रीय पक्षी (National Bird)

- 26 जनवरी, 1963 को मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था। मोर को संस्कृत भाषा में मयूर के नाम से जाना जाता है। मोर का जंतु वैज्ञानिक नाम 'पावो क्रिस्टेटस (Pavo Cristatus)' होता है।

राष्ट्रीय पुष्प (National Flower)

- भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है। हिन्दू, बौद्ध तथा जैन धर्म में कमल की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता है। कमल के फूलों का प्रयोग प्रायः पूजा तथा आयुर्वेदिक, एलोपैथिक और यूनानी औषधियों के निर्माण हेतु किया जाता है। कमल का वानस्पतिक नाम 'नीलंबियन न्यूसिफ़ेरा (Nelumbian nucifera)' होता है।

राष्ट्रीय खेल (National Sport)

- भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी को माना जाता है। माना जाता है कि जब भारत ने ओलिंपिक में हॉकी के खेल में लगातार 6 स्वर्ण पदक जीते थे तब से हॉकी को भारत का राष्ट्रीय

खेल माना जाता है। लेकिन भारतीय खेल मंत्रालय ने माना है कि आधिकारिक रूप से भारत में किसी भी खेल को भारत का राष्ट्रीय खेल घोषित नहीं किया गया है। लेकिन सरकारी वेब-पोर्टल पर हॉकी को ही राष्ट्रीय खेल माना गया है।

राष्ट्रीय वृक्ष (National Tree)

- बरगद या वट वृक्ष को भारत का राष्ट्रीय वृक्ष माना गया है यह एकता तथा दृढ़ता का प्रतीक है। जिस प्रकार भारत में विभिन्न धर्म व जाति के लोग एक साथ निवास करते हैं, उसी प्रकार बरगद के पेड़ की शाखाओं, तने और जड़ों में छोटे-बड़े कई जीव-जंतु निवास करते हैं। बरगद का वानस्पतिक नाम 'फिकस बेंगलेंसिस (Ficus Benghalensis)' होता है।

राष्ट्रीय लिपि (National Script)

- भारत की राष्ट्रीय लिपि या आधिकारिक लिपि देवनागरी लिपि है।

राष्ट्रीय नदी (National River)

- गंगा को भारत की राष्ट्रीय नदी माना जाता है। हिन्दू धर्म व ग्रंथों में गंगा नदी को सबसे पवित्र नदी माना गया है गंगा नदी हिमालय के गौमुख नामक स्थान पर गंगोत्री हिमनद से निकलती है जहाँ पर इसे भागीरथी नदी के नाम से जाना जाता है। जिसमें आगे चलकर अन्य नदियां जैसे कि अलकनंदा, यमुना, सोन, गोमती, कोसी और घाघरा आदि मिलती हैं। देवप्रयाग में जाकर भागीरथी और अलकनन्दा का संगम होता है और इसके आगे इस नदी को गंगा के नाम से जाना जाता है।

